अगस्त 2007 में समस्त खंडों में इक्कों क्लब प्रभारी/ सह प्रभारी अध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय स्रोत व्यक्तियों द्वारा भाग लिया। 19फरवरी,2008 को जिला स्तरीय इक्कों क्लब प्रभारी अध्यापकों की बैठक का आयोजन किया गया।

4.कृषि में विविधीकरण कार्य

कृषि में विविधीकरण परियोजना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा संचालित की जा रही है। इस परियोजना को जिले में सुचारू रूप से चलाने हेतु जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को नोडल एजेंसी के रूप में चयनित किया है। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य जिले के पशुपालकों में पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

संगठन

इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति ने एक जिला समन्वयक को नियुक्त किया है सभी विकास खंडों में इस कार्यक्रम को निचले स्तर तक ले जाने के लिए प्रत्येक विकास खंड में दो–दो खंड मोटीवेटर नियुक्त किये हैं। ये मोटीवेटर अपने अपने खंड में एक महीने में दो बैठकें करते है इनकी तथा जिला स्तर पर एक बैठक की जाती है।

कार्य

इन खड समन्वयकों का मुख्य कार्य डेयरी समूह के पशुपालकों के पशुओं के लिए पशु आहार की मांग एकत्रित करना तथा विभाग से पशु आहार ले कर पशुआहार को वितरित करना है। विभाग के आहवान पर पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पशुपालकों के कैंप आयोजित करवाना जिसमें उनकी मुख्य जिम्मेदारी पशुपालकों को एक स्थान पर एकत्रित करना होता है तथा समूहों में जाकर उनकी समस्याओं की चर्चा करना होता है। साथ ही उनकी मासिक प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा करवानी होती

वर्ष 2007–08 में जिला में गठित डेयरी समूह तथा उनमें वितरित पशु आहार का विवरण

क्र	खंड	डेयरी समूहों की संख्या	आहार क्विंटलों में
1	सदर	100	200
2	बल्ह	100	200
3	सुंदरनगर	90	180
4	करसोग	80	160
5	गोपालपुर	80	160
6	धर्मपुर	80	160
7	द्रंग	80	160
8	चौंतड़ा	80	160
9	गोहर	80	160
10	सराज	80	160
	कुल	**850**	**1700क्विटल**

उपरोक्त सभी डेयरी समूहों को खंड मोटीवेटर ने नजदीकी पशु स्वास्थ्य केन्द्र के साथ जोड़ा है । जहां उन्हें मिनरल मिक्सचर व अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाती है। मार्च ,2008 तक मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति द्वारा चयनित खंड मोटीवेटरों के माध्यम से 1700 क्विंटल पशु आहार पशुपालकों तक वितरित किया गया।

डेयरी समूहों के लाभार्थियों का भ्रमण

मई,2007 करसोग, सराज।

जून,2007 धर्मपुर,गोपालपुर,सुंदरनगर व गोहर

जुलाई,2007 सदर,बल्ह, द्रंग व चौंतड़ा

जिला में गठित डेयरी समूहों का विवरण

क्र	माह	खंड	कुल शिविर
1	मई,2007	द्रंग,गोहर, बल्ह व धर्मपुर	4
2	जून,2007	सराज,बालीचौकी व सुंदरनगर	2
3	जुलाई,2007	सदर,चौंतड़ा,गोहर,गोपालपुर	4
4	अगस्त,2007	बल्ह,द्रंग,गोहर,धर्मपुर,सराज व सदर	6
5	सितम्बर,2007	करसोग,चौंतड़ा,सुंदरनगर,धर्मपुर,सराज,बालीचौकी	5
6	अक्तूबर,2007	गोपालपुर,गोहर,सदर,बल्ह व द्रंग	5
7	नवम्बर,2007	सराज,करसोग,धर्मपुर,द्रंग,सुंदरनगर	5
		कुल शिविर	31

अप्रैल, 2007से मार्च 2008तक कुल 31 पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को सभी विकास खंडों में आयोजित किया गया। प्रत्येक कैंप में लगभग 40 से 60 पशु पालकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की इनमें डेयरी समूहों के लाभार्थी, मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति द्वारा बनाए गए स्वंय सहायता समूहों के पशुपालक तथा अन्य स्थानीय पशुपालकों ने भाग लिया।

पशु स्वास्थ्य शिविरों का लक्ष्य

पशु स्वास्थ्य शिविरों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को पशु पालने संबंधी बेहतर जानकारी प्रदान करना है। ताकि पशुपालक अपने पशुओं के रख रखाव में सावधानी बरतें। उन्हें बढ़िया चारा खिलाएं और उनके स्वास्थ्य का पूरा पूरा ध्यान रख सकें।

दूसरे यदि किसी पशुपालक का पशु बीमार है या उनके दुधारू पशु गर्भ धारण नहीं करते या अन्य कुछ समस्या है तो जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा नियुक्त जिला परियोजना समन्वयक डा. टी.आर. नंदा ने उनका उसी शिविर में इलाज करते चाहे दवा देनी हो या टीकाकरण करना हो।

तीसरे पशुपालकों को दूध से बनने वाली चीजों जैसे पनीर, मक्खन, घी, खोया की मात्रा पशुओं के दूध से अधिक से अधिक कैसे प्राप्त कर सकते हैं, उनकी जानकारी देना था। चौथे , पशुपालकों की रोजमर्रा की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता था और उनका समाधान किया जाता था।

शिविरों के सफल आयोजन में जन भागीदारी

इन शिविरों को सफल बनाने हेतु खंड मोटीवेटरों ग्राम सेविका, मुख्य सेविका तथा पंचायत साक्षरता कार्यकर्ताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। खंड समन्वयक इन शिविरों की सूचना पंचायत प्रधान व पशु स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ को भी देते थे। पंचायत प्रधान अपने सभी सदस्यों को आगे इन शिविरों की सूचना देते थे। इस प्रकार ये शिविर विभिन्न लोगों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न होते थे।

5.कपार्ट परियोजना

प्राकृतिक जल स्रोतों की मुरम्मत व रखरखाव हेतु कपार्ट क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ से मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को तीन खंडों (गोहर, सुंदरनगर, करसोग) की 21 पंचायतों में पानी पंचायत कमेटियों का गठन व 15 पंचायतों में बावड़ी, खुरली, प्लेटफार्म, नाली व शौकपीट बनाने हेतु अप्रैल,2006 में परियोजना स्वीकृत हुई। जिसके तहत पानी पंचायत कमेटियों का गठन करना था। जिले में ये पंचायते निम्नलिखित रूप से खंड बार ली गई हैः–

क्र.	खंड	पंचायतों के नाम
1	गोहर	1. सेरी, 2. बाल्हड़ी, 3. देलग, 4. वाड़ा, 5. खारसी, 6. देवधार 7. कांडा बगश्याड, 8. तांदी, 9. बस्सी, 10 झुंगी।
2	सुंदरनगर	1. घीड़ी, 2. जै देवी, 3. पलोहटा, 4. चमूखा, 5. कलोहड़, 6. भनवाड़
3	करसोग	1.सेरी, 2. चौरीधार, 3. बालीधार, 4. भनेरा, 5. ठाकुर ठाणा

प्रथम चरण के तहत स्वीकृत 15 पंचायतों में जल स्रोतों का निर्माण किया जायेगा जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

क्र.	खंड	पंचायतों के नाम
1	गोहर	1. सेरी, 2. बाल्हड़ी, 3. देलग, 4. वाड़ा, 5. खारसी, 6. झुंगी, 7. बस्सी
2	सुंदरनगर	1. घीड़ी, 2. जै देवी, 3. पलोहटा, 4. चमूखा,
3	करसोग	1.सेरी, 2. बालीधार, 3. भनेरा, 4. ठाकुर ठाणा

पंचायतों के चयन प्रक्रिया के बिन्दू

समिति ने यह परियोजना इन तीन खंडों में इसलिए शुरू की कि इन पंचायतों में लोगों को पानी की असुविधा थी। नलकों में पानी समय पर ही आता है। 2 मई को जिला स्तर पर प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव हेतु स्वीकृत परियोजना के क्रियान्वयन हेतु जिला व खंड समन्वयकों की बैठक की गई थी जिसमें निर्णय लिया गया था कि 21पंचायतों में पानी पंचायत का गठन किया जायेगा व 15 पंचायतों में बावड़ी निर्माण कार्य किया जायेगा। यह परियोजना निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लागू की गई।

1. जल स्रौतों/ बावड़ी के निर्माण/ मुरम्मत के लिये किसी भी सरकारी विभाग से पहले कोई वित्तीय सहायता न मिली हो।
2. बावड़ी में पानी की उपलब्धता सारे साल रहती हो।
3. अनुसूचित जाति व जनजाति के गांवों को प्राथमिकता दी गई।
4. बावड़ी निर्माण हेतु स्थानीय समुदाय सहमत हो तथा 15 प्रतिशत अंशदान व श्रमदान करने हेतु तैयार हो।

उपरोक्त चारों बिदुंओं के तहत ही चयन प्रक्रिया अपनाई गई है।

परियोजना के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रिया

- ❖ इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिये सबसे पहले जिला स्तर पर क्रियान्वयन/ संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें सचिव मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति, परियोजना समन्वयक, तकनीकी विकास समिति के अभियंता श्री हितेंद्र कपूर तथा युवा उद्यमी सुषमा ककारला सदस्य थे उनका मुख्य कार्य समय समय पर बैठकें कर समीक्षा करना था।
- ❖ खंड स्तर पर एक संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी, खंड समन्वयक संपूर्ण स्वच्छता अभियान तथा कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विकास तथा मंडी साक्षरता समिति

के कार्यकारिणी सदस्य गोहर से डा. विजय विशाल, सुंदरनगर से श्रीमती पदमा शर्मा तथा करसोग से श्री श्याम सिंह चौहान को सदस्य बनाया गया।

- ❖ पंचायत स्तर पर पंचायत प्रधान, तकनीकी सहायक, पंचायत समन्वयक व वार्ड सदस्य की संचालन समिति गठित की गई।
- ❖ जून माह से पंचायत स्तर पर 21पंचायत कमेटियों का गठन किया गया । इस कमेटी में वार्ड स्तर पर जहां बावड़ी का निर्माण कार्य किया गया उस वार्ड के वार्ड सदस्य, स्वयं सहायता समूह के प्रधान/ सचिव, जन चेतना गाईड, महिला मंडल, युवक मंडल का एक–एक सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सेवानिवृत कर्मचारी को लिया गया। इन पंचायत कमेटियों ने अपने–अपने क्षेत्र में उन प्राकृतिक जल स्रोतों के फोटोग्राफ लेकर चयनित किया जिनके रखरखाव से पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

सहायक सामग्री

- ❖ इस परियोजना के उद्देश्य की प्रस्तुति हेतु एक लीफलैट निकाला गया जिसमें प्राकृतिक जल स्रोतों की साफ–सफाई तथा उनके रखरखाव की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविरों का आयोजन

- ❖ जुलाई–अगस्त में पंचायत/ वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए गए जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। लोगों को पानी के महत्व बारे जानकारी दी गई तथा पानी से होने वाली बीमारियों व संपूर्ण स्वच्छता बारे भी लोगों को प्रेरित किया गया कि बावड़ी के आसपास कोई भी शौच न करें पशुओं को न नहलाए, कपड़े न धोये व गंदगी न फैलायें।

6.ग्रामीण विकास आंदोलन

लोक कार्यक्रम और ग्रामीण प्रौद्योगिक विकास परिषद (कपार्ट) क्षेत्रिय कार्यालय चंडीगढ़ से 26–27 सिंबर,2007 को दो दिवसीय कार्यशाला में मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति से श्री तिलक राम चौहान व हेम चंद हरनोट ने भाग लिया। कार्यशाला में भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास आंदोलन चलाने बारे विस्तृत जानकारी दी गई तथा जिला में एक खंड में इस तरह की परियोजना बनाने बारे कहा गया। इस परियोजना के तहत लोगों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे बताया गया। परियोजना का मुख्य मकसद पानी प्रबंधन व पानी संवर्धन, ग्रामीण विकास विभाग की जानकारी व भूमि विकास प्रबंधन बारे लोगों को अगवत करवाना है। समिति द्वारा 1 से 10 अक्तूबर तक करसोग खंड की 60 पंचायतों का सर्वेक्षण किया गया तथा परियोजना रिर्पोट तैयार करके कपार्ट के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को भेजी गई।

7. लोहगिरी कलस्टर थाची, उप तहसील बालीचौकी

लोहगिरी कलस्टर थाची, उप तहसील बालीचौकी खंड सराज में मार्च,2008 से अब तक समिति द्वारा किये गये कार्यो का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

मार्च,2008

जिला विकास प्रबंधक श्री मलकीत सिंह के मार्गदर्शन में लोहगिरी कलस्टर हेतु सर्वेक्षण फार्म तैयार किया गया तथा बालीचौकी में 5 कार्यकर्ताओं की टीम जिसमें कलस्टर सहायक सेवक राम ठाकुर, मोहन भारती, डूर सिंह खंड समन्वयक बालीचौकी, भुवनेश्वर सिंह तथा हेमा ठाकुर ने लोहगिरी से जुड़े इन परिवारों का घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया। ये गांव तीन ग्राम पंचायतों

थाची, बागी भनबास और सोमगाड़ में पड़ते हैं। इस सर्वेक्षण के दौरान जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड भी उपस्थित रहें।

मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति

वार्षिक प्रगति रिपोर्ट अप्रैल, 2008 से मार्च, 2009 तक

<u>प्रस्तावना</u>

मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को 25 नवम्बर,1997 को सतत शिक्षा कार्यक्रम की स्वीकृति राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा दी गई। इसके उपरांत जिला भर में 2692 जन चेतना केन्द्रों का गठन वार्ड स्तर पर किया गया। 15 अप्रैल,1998 को सतत शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर स्वयं सहायता समूहों के संचालन पर चर्चाएं शुरू हो चुकी थी। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा राज्य स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तमिलनाडू "मल्लर" संस्था से जुड़े साथियों से स्वयं सहायता समूह गठन व महत्व समझाया गया। समिति स्तर पर इसके गठन का कार्य वर्ष 1999 में शुरू किया गया। उस समय यह सोच चल रही थी कि सतत शिक्षा कार्यक्रम को वित्तीय सहायता न मिलने पर जिस तरह से अभियान में हजारों महिलाएं, नवसाक्षर व कार्यकर्ता के रूप में जुड़ी हुई थी। समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जन चेतना केन्द्र में एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया जायेगा तथा इसके संचालन की जिम्मेवारी स्वयं सहायता समूहों को दी जाये। इसके गठन व बैंक लिकेंज हेतु नाबार्ड द्वारा वर्ष 2002 में परियोजना स्वीकृत की गई जिसके तहत 2000 समूहों का गठन व निर्माण किया जाना था। परन्तु इसके उपरांत यह कार्य निरंतर चलता रहा। 31 मार्च,2008 तक समिति द्वारा 3313 समूहों का गठन किया जा चुकाहै। जिसमें 36785 महिलाएं तथा 2674 पुरूष सदस्य है। इनके क्षरा 3 करोड़ 90 लाख रूपये बचत तथा 11 करोड़ 69 लाख रूपये ऋण घरेलू जरूरतों तथा आर्थिक गतिविधियों को चलाये जाने के लिये लिया गया। अब तक 2745 समूह बैंक से लिंक हो चुके है। समूहों द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियां चलाई जा रही है। तैयार उत्पादों की मार्केटिंग जरूरतें निकल कर आई। इसके साथ गुणवता विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है जिसके लिये नाबार्ड व दूसरी संस्थाओं से सहयोग लिया जा रहा है। समिति द्वारा समूह फैडरेशन बनाने के लिये प्रयासरत है ताकि समूह निरंतर सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते रहें। इन्हें सुदृढ करने के लिए विभिन्न विभागों व संस्थाओं के सहयोग की जरूरत रहेगी।

सचिव
मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति

समिति के उद्देश्य

- सतत् शिक्षा कार्यक्रम के लिए अभियान चलाना।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, समाजवाद और धर्म निरपेक्षता के लिए जागरूकता पैदा करना।
- सामाजिक और आर्थिक विकास के लिये परियोजना तैयार करना।
- सरकारी एवम् गैर सरकारी संस्थाओं से जन प्रतिनिधियों छात्र–युवाओं, महिलाओं व मजदूरों के संगठनों के साथ तालमेल साधकर महिलाओं और समाज वंचित लोगों के सशक्तिकरण का आंदोलन चलाना।
- विभिन्न सर्वेक्षण के माध्यम से सुचनाओं और अनुभवों को लोगों के साथ सांझा करना।
- सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन करना।
- अपंग और अस्हाय व्यक्तियों की मदद करना।
- लोक जीवन में वैज्ञानिक सोच पैदा करना।

अप्रैल, 2008 से फरवरी,2009 तक

1. नाबार्ड को लौहगिरी कलस्टर स्थापित करने बारे परियोजना प्रस्ताव की मंजूरी के दौरान उस क्षेत्र में बैंकों से लिये गये ऋण की वापसी बारे संबंधित लाभार्थियों को तैयार किया जायेगा इस बारे परियोजना की 15 लाख रूपये की स्वीकृति हो चुकी है तथा परियोजना की कार्ययोजना नाबार्ड को स्वीकृति हेतु भेजी गई है। कलस्टर फैसलीटेटर का प्रशिक्षण भी नाबार्ड द्वारा अहमदाबाद में 1–7फरवरी,2009 तक किया जा चुका है।

2. करसोग खंड में कपार्ट द्वारा स्वीकृत ग्रामीण विकास आंदोलन जो 7मई, 2008 से विधिवत् रूप से उपायक्त श्री ओंकार शर्मा द्वारा शुरू की गई थी इस परियोजना का समन्वयन श्री तिलक राम चौहान करेंगे। _परियोजना का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। मध्यकालीन मुल्यांकन हो चुका है ।

3. पांरपरिक जल स्त्रोतों की मुरम्मत व रखरखाव सम्बन्धी कपार्ट से स्वीकृत परियोजना के दूसरे चरण में पानी पंचायत (कमेटी) का गठन व जागरूकता शिविर जून माह में आयोजित किये गये तथा निर्माण कार्य जुलाई व अगस्त माह में किया जा चुका है। सभी बावड़ियों का निर्माण हो चुका है। कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा इसका मूल्यांकन प्रस्तावित है जिसमें श्री श्याम सिंह चौहान, श्रीमती पदमा शर्मा, डा. विजय विशाल व श्री नरपत राम वर्मा के नाम है।

4. नगर परिषद मंडी द्वारा शहर में संचालित की जा रही पर्यावरण एवम् स्वच्छता परियोजना सम्बन्धी आई.ई.सी. गतिविधियां आयोजित करने बारे समिति द्वारा प्रेषित_प्रस्ताव को स्वीकृत करने बारे परियोजना प्रस्ताव नगर परिषद को भेजा जा चुका है।

5. भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त सर्विस प्रोवाईडर परियोजना के तहत 20 सर्विस प्रोवाईडर सहायक नियुक्त किये जा चुके है जिन्हें प्राप्त प्रोत्साहन राशि का 90 प्रतिशत हिस्सा अदा किया जा रहा है तथा शेष 10 प्रतिशत हिस्सा समिति के खाता में रखा जा रहा है।

6. सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत समिति व डी.आर.डी.ए. के बीच हस्ताक्षरित अनुबंध (एम.ओ.यू.) का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है और उसकी समय अवधि भी पूरी हो रही है जिसे ध्यान में रखते हुये समिति ओ.डी.एफ. से पूर्ण स्वच्छता का स्तर हासिल करने के लिए वांच्छित कार्यो व मॉनीटरिंग हेतु आगामी एक वर्ष के लिये प्रस्ताव डी.आर.डी.ए. को भेजेगी। इस बारे प्रस्ताव भेजा जा चुका है जिसकी स्वीकृति भी डीआरडीए से मिल चुकी है। कार्ययोजना स्वीकृति हेतु भेजी गई है।

7. 5 जून,2008 को खंड स्तरीय स्कूल स्वच्छता दिवस सभी खंडों में आयोजित किये जा रहे हैं जिनमें संबंधित विधायक कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। इन कार्यक्रमों में कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम की जानकारी लाभार्थियों को दी।

8. समिति के सदस्यों का **स्वच्छता अध्ययन भ्रमण 15 से 20 जून,2008** के बीच में आयोजित करने बारे निर्णय लिया गया था ताकि वे संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत हुये कार्य की मौके पर जानकारी व अनुभव हासिल कर सके।

9. समिति द्वारा गटित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों के भंडारण व पैकेजिंग के लिये समिति कार्यालय सौली खड्ड के पास व्यवस्था की जायेगी जिस हेतु डी.आर.डी.ए. को प्राप्ति हेतु प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

10. समिति द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों का दस्तावेजीकरण व डाक्युमेंट्री फिल्म तैयार की जा चुकी है।

11. समिति द्वारा इन्दिरा मार्केट में स्थित घंटाघर में चलाये जा रहे **बाल वाचनालय के सुदृढ़ीकरण** हेतु प्रयास किये जाए रहे है ताकि इसमें अधिक से अधिक बच्चे बाल साहित्य पढ़ सके तथा ज्ञान अर्जित कर सकें।

12. मंडी जिला में 9 से 45 आयु वर्ग के निरक्षरों को साक्षर करने बारे परियोजना तैयार करके स्वीकृति हेतु राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को भेजी जायेगी। –लोक तालीम परियोजना का आधार सर्वेक्षण 50 पंचायतों में चल रहा है

समिति द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा

2.1 **एक हजार समूहों के गठन व लिर्केज सम्बन्धी परियोजना किये गये कार्य।**

समिति द्वारा गठित कुल स्वयं सहायता समूहों की स्थिति			
		कुल समूह	3343
		कुल सदस्य	39271
		महिला सदस्य	36682
		पुरूष सदस्य	2681
		अब तक की कुल बचत	5,33,49,339.00
		समिति द्वारा बैंक में लिर्केज समूह	3312
		बैंक से लिया गया ऋण	5,85,95,294.00
		रिलिंक समूह	918
		रिलिंक राशि	5,81,04170.00
नई परियोजना के तहत गठित समूह			1031
		कुल सदस्य	10913
		महिला सदस्य	9342
		कुल बचत खाते	967
		कुल बैंक लिर्केज	1001
		कुल ऋण राशि	3,01,87,550.00
		रिलिंक समूह	46
		रिलिंक राशि	33,27,500.00

स्वयं सहायता समूहों द्वारा आर्थिक गतिविधियां

- ✓ विकल्प मार्केटिंग समूह :–समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को जिला स्तर पर एकत्रित किया गया है जिसकी साप्ताहिक हाट में 10से12 हजार बिक्री हो रही है।

- ✓ साप्ताहिक हाट में समिति के समूहों द्वारा 50 से 60 हजार रूपये की बिक्री हो रही है जिसमें सदर, बल्ह, सुंदरनगर, गोहर, गोपालपुर, द्रंग खंड के समूह भाग ले रहे हैं।

- ✓ कला ग्राम चंडीगढ़ दांडिया उत्सव में 1से 8 अक्तूबर को दो समूहों के सदस्यों ने भाग लिया।

- ✓ रैड क्रॉस मेलें में नाबार्ड द्वारा दो स्टाल प्रायोजित किये गये थे जिनमें समूहों द्वारा 25000/– के उत्पादों की बिक्री की गई।

- ✓ चैलचौक में समूह के 10 सदस्यों इन्नर वियर बनाने का कार्य कर रही है। इन सदस्यों को लुधियाना से मशीने खरीदी गई। इन महिलाओं द्वारा बेहतर इन्नर वियर बनाये जा रहे हैं तथा इन्हें एक हजार मासिक आमदनी हो रही है।

- ✓ खंड धर्मपुर टीहरा में आचार बनाने का कार्य निरंतरता से किया गया है। अब यह एक यूनिट स्थापित करना चाहते हैं। जिसमें जिला उद्योग केन्द्र से सहयोग की आवश्यकता है।

- ✓ खंड सुंदरनगर कनैड में प्रशिक्षण लाभार्थियों द्वारा विभिन्न किस्म की बड़िया व सीरा बनाया जा रहा है इसकी मार्केटिंग सरलता से हो रही है। सदस्यों द्वारा दाल पीसने की मशीने खरीदी गई है कुछ सदस्य की मासिक आमदनी 2 से 3 हजार हो रही है।
- ✓ खंड बल्ह में स्कूल बैंग, पर्स, खजरे के उत्पाद, पोलीथीन से टोकरियां व शौ पीस बनाये जा रहे है इसके लिये ग्रामीण बैंक से विजनैस क्रेडिट कार्ड बनाये गये है। इसके अलावा, ऊन की स्वेटर बनाई जा रही है। रजाई बनाने का कार्य, व टी.वी कवर इत्यादि बनाये जा रहे हैं।

- ✓ खंड करसोग में खील व मशोग पंचायत में समिति कार्यकर्ताओं व समूहों द्वारा हिमाचल ग्रामीण बैंक द्वारा गठित किसान क्लाबों द्वारा बैमोसमी व विदेशी सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है।
- ✓ खंड द्रंग में द्रारट बंगला में समूह द्वारा स्कूल बैग व केरी बैग बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह द्वारा कैरी बैग तैयार करके जोगिन्द्रनगर, पधर व चौंतड़ा की दुकानों में सप्लाई किये जा रहे है। इससे समूहों को 10 से 15 हजार की आमदनी हो रही है।

- ✓ खंड सुदरनगर में महादेव समूह द्वारा केरी बैग बनाने की मशीन के माध्यम से बैग तैयार किये जा रहे है इसकी मार्केटिंग नेरचौक से सुंदरनगर तक की जा रही है।

एक हजार समूहों की नई योजना की हैंड होल्डिंग

बैंक लिकेंज समूहों की हैंड होल्डिक व रिफ्रेशर परियोजना

- ✓ जिला में कलस्टर स्तर पर समूहों के प्रधान सचिवों व सदस्यों को दो दिन की हैंड होल्डिंग प्रशिक्षण किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन प्रधान व सचिव तथा दूसरे दिन समस्त सदस्य भाग ले रहे हैं अब तक जिला के सात खंडों में प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा चुका है। शेष तीन खंडों करसोग,सराज व धर्मपुर में प्रशिक्षण 31 मार्च,2009 तक पूरा किया जायेगा।
- ✓ प्रशिक्षण में संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक, कृषि ,बागवानी, खंड विकास अधिकारी/ विभाग के विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

- ✓ यह प्रशिक्षण दिसंबर से फरवरी,2008 तक कलस्टर स्तर पर दिया जाना प्रस्तावित है।

स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़ी परियोजनाएं

- ✓ सुक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत खंड चौंतड़ा में आचार व खंड बल्ह में बड़िया ,सीरा के 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिये जायेगें जिसे नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किया गया है।

- ✓ समिति द्वारा रूरल मार्ट योजना के तहत सरकाघाट, सुंदरनगर, चैलचौक पंडोह व जोगिन्द्रनगर के लिये समूह उत्पादों के लिये दुकानों की परियोजना नाबार्ड को भेजी गई है जो स्वीकृत हो चुकी है। पांच स्थानों पर दुकाने खोली जा चुकी है।

- ✓ गांव विकास कार्यक्रम के तहत गांव तमरोह में पिछले दो वर्षो से सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर नागपुर में बैठक की गई है जिससे समिति के परियोजना समन्वयक भीम सिंह ने भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर समिति के कार्य को सराहा गया। दूसरा गांव खील खंड करसोग में चयन किया गया है जिसका सर्वेक्षण व योजना नाबार्ड को भेजी जा चुकी है जो स्वीकृत हो चुका है।

- ✓ शिवरात्रि मेला हेतु नाबार्ड से 3 स्टाल स्वीकृत किये गयें है।

- ✓ खंड सदर में नाबार्ड द्वारा स्वीकृत कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नंगवाई में जूस,जैम, आचार का प्रशिक्षण 17फरवरी से 3 मार्च,200 तक आयोजित किया जा रहा है।

- ✓ खंड धर्मपुर में नाबार्ड द्वारा स्वीकृत कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कमलाह क्षेत्र में खजरे के उत्पादों का प्रशिक्षण मार्च माह में दिया जायेगा।

- ✓ जिला उद्योग केन्द्र से स्वीकृत परियोजना खंड करसोग की पिछड़ी ग्राम पंचायत प्रेसी के लिये इन्नर वियर का प्रशिक्षण मार्च माह में किया जायेगा।

- ✓ नाबार्ड द्वारा आयोजित 22जनवरी से 2 फरवरी तक मुंबई सारस फेयर में समूहों के दो प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 14000/– की बिक्री हुई।

- ✓ 22फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित प्रदर्शनी में समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी एवम् बिक्री हेतु समूहों के दो सदस्य भाग लेगें।

प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव व ग्रामीण विकास आंदोलन परियोजना संबंधी

कपार्ट से स्वीकृत इस परियोजना के तहत द्वितीय चरण में करसोग, गोहर व सुंदरनगर खंड के 25 गांवों में बावड़ियों का निर्माण किया जा चुका है।

ग्रमीण विकास आंदोलन

गतिविधियों की रिपोर्ट

- ✓ 7मई को ग्रामीण विकास आंदोलन का शुभारंभ उपायुक्त महोदय द्वारा।
- ✓ 10मई से 9 जून,2008 तक ग्रामीण विकास आंदोलन के लिये सहायक सामगी तैयार की गई।
- ✓ 10 जून को जिला स्तर पर स्रौत व्यक्तियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण।
- ✓ 13 जून को खंड स्तर पर विभागाध्यक्षों की बैठक।
- ✓ 15–16 जून को कलस्टर स्तर पर दो दिवसीय कार्यशाला निहरी।
- ✓ 17–18 जून को कलस्टर स्तर पर दो दिवसीय कार्यशाला पांगणा।
- ✓ 19–20जून को कलस्टर स्तर पर दो दिवसीय कार्यशाला चुराग।
- ✓ 29 जून को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन निहरी।
- ✓ 30 जून को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन जरल।
- ✓ 1जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन वदैहण।
- ✓ 2 जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन घड़ौई।
- ✓ 8–9 जुलाई को कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वलिण्डी।
- ✓ 11–12 जुलाई को कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शोरशन।
- ✓ 15–16 जुलाई को कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन तत्तापानी।
- ✓ 17–18जुलाई को कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन थली।
- ✓ 19–20 जुलाई को कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन माहूनाग।
- ✓ 25 जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन परलोग।
- ✓ 26जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन विंदला।
- ✓ 29 जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन थली।
- ✓ 30 जुलाई को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन शाकरा।

उपरोक्त कलस्टरों में कलस्टर बार प्रशिक्षणों का विवरण

क्र.	कलस्टर	पंचायत राज सदस्य	स्वयं सहायता समूह	पानी विशेषज्ञ	महिला मंडल	सरकारी कर्मचारी	आंगनबाड़ी/ साक्षरता कार्यकता	कुल उपस्थिति प्रतिभागी		
								म	पु.	कुल
1	निहरी	22	22	4	15	20	18	45	46	91
2	पांगणा	27	15	4	32	6	21	70	35	105
3	चुराग	21	10	4	14	7	13	39	30	69
4	वलिंडी	23	10	5	17	5	44	39	65	104
5	शोरसन	21	2	4	10	4	24	27	38	65
6	तत्तापानी	12	10	5	31	7	44	75	34	109
7	थली	16	3	3	5	5	22	19	35	54
8	माहूनाग	19	5	9	26	7	33	34	64	98
	कुल	161	77	38	150	61	219	348	347	695

- 6सितंबर को खंड स्तर पर समस्त पंचायत समन्वयकों का प्रशिक्षण।
- 9सितंबर को खंड स्रौत व्यक्तियों को स्कूल प्रतियोगिता के लिये प्रशिक्षण।
- 10सितंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुराग में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन।
- 15–23 सितंबर तक 23 केन्द्रीय पाठशालाओं में 93 स्कूलों के बच्चों की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।
- 26 सितंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन।
- 29 सितंबर को खंड स्रौत व्यक्तियों की समीक्षा बैठक खंड स्तर पर।
- 6अक्तूबर को खंड स्रौत व्यक्ति बैठक का आयोजन विकास सारथी समूह हेतु।
- 7–15अक्तूबर,2008 तक विकास सारथी समूह की बैठक पंचायत स्तर पर ।
- 16–21 अक्तूबर,2008 तक 9प्राथमिक स्कूलों व 8उच्च व वरिष्ठ स्कूलों में भाषण व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- अब तक 120 प्राथमिक स्कूलों में से 102 स्कूलों के बच्चों का 23 स्थानों पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई तथा 38 उच्च व वरिष्ठ स्कूलों में से 26 स्कूलों में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई।

पर्यावरण समूह (इक्को क्लब) मॉनीटरिंग कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला में 150 स्कूलों में इक्को क्लब का गठन किया गया है। गत वर्ष प्रभारियों व छात्रों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा इन स्कूलों में गतिविधियां आयोजित की जा रही है। समिति के पास 81 स्कूलों से छात्रों की सदस्यता प्राप्त हो चुकी है जो कुल 9240 छात्रों ने सदस्यता ग्रहण की है।

सर्विस प्रोवाईडर योजना

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा व्यवसाय सहायक योजना के अंतर्गत समिति द्वारा अब तक सुंदरनगर कलोनी, सरकाघाट, मंडी, जोगिन्द्रनगर व गुम्मा शाखा में विजनैस किया गया है जिसके अंतर्गत सुंदरनगर में–3, सरकाघाट में–2, जोगिन्द्रनगर में–2, मंडी में–2, विजनैस सहायक कार्य कर रहे है अब तक कुल व्यवसाय निम्न प्रकार से हैः–

क्र.	खाते	नम्बर	जमा राशि
1	बचत खाते	1421	4501879.00
2	आर.डी.	47	101100.00
3	एफ.डी	210	16349500.00
	कुल	**1678**	**2,09,52,479.00**

बैंक से ऋण राशि

क्र.	ऋण	नम्बर	राशि
1	व्यक्तिगत	28	9143000.00
2	व्यवसाय	5	340000.00
3	कृषि	115	17952600.00
	कुल	**148**	**2,74,35,600.00**

बैंक से प्राप्त व्यवसाय कमीशन

क्र.	शाखा	प्राप्त	देय भुगतान	समिति हिस्सा
1.	सुंदरनगर	161661.00	145495.00	16166.00
2.	सरकाघाट	76143.00	68529.00	7614.00
3.	जोगिन्द्रनगर	31609.00	28449.00	3160.00
4.	मंडी	18175.00	16358.00	1817.00
5.	मुख्यालय	400.00	360.00	40
	कुल	**287988.00**	**259191.00**	**28797.00**